121307/12-12-12
4033

पत्रॉक-स्था-1-स्वच्छता एवं शिष्टाचार / 2012-13/ / वाणिज्य कर,

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0
(स्थापना-राजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ:: दिनॉक:: 11.12 2012

समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1 / ग्रेड-2, वाणिज्य कर,
समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर / डिप्टी कमिश्नर / असिस्टेंट कमिश्नर, वाणिज्य कर
समस्त वाणिज्य कर अधिकारी।

विषय:- मा0 मंत्रि परिषद के सदस्यों / सांसदो / विधायको / जन-प्रतिनिधियों के प्रति शिष्टाचार / प्रोटोकाल एवं सौजन्य प्रदर्शन के सम्बन्ध में।

शासन के संज्ञान में यह आया है कि मा0 मंत्रि परिषद के सदस्यों / सांसदो / विधायको तथा जन-प्रतिनिधियों के प्रति सामान्य शिष्टाचार / प्रोटोकाल का पालन समुचित रूप से नही किया जा रहा है और उनके पत्रों का यथोचित उत्तर भी नही दिया जा रहा है। इस सम्बन्ध शासन के पत्र संख्या-1147 / 90-सं-1-2012-66सं/1988 दिनॉक-12-10-2012 द्वारा यह अवगत कराया गया है कि जन-प्रतिनिधियों की उपेक्षा की जा रही है तथा उनके पत्र व्यवहार का उचित उत्तर नही दिया जा रहा है, उनके द्वारा उठाये गये प्रकरणों को गम्भीरता से नही लिया जा रहा है, जिससे शासन के समक्ष असहज की स्थिति उत्पन्न हो रही है तथा शासन की प्रतिबद्धताओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और जन-सामान्य में शासन की छवि धूमिल होती है। यह स्थिति लोकतन्त्र की भावना के विपरीत है।

आप अवगत है कि जनतांत्रिक प्रणाली में मा0 मंत्रि-परिषद के सदस्यों / सांसदो / विधायको / जन-प्रतिनिधियों का अपना एक विशिष्ट एवं महत्वपूर्ण स्थान है तथा वे सीधे तौर पर जनता से जुड़े होने के कारण शासन / प्रशासन के मध्य एक कड़ी का कार्य करते है। अत: उपर्युक्त के सम्बन्ध में अनुरोध है कि शासन द्वारा शिष्टाचार एवं अनुमन्य प्रोटोकाल के सम्बन्ध में समय-समय पर जारी शासनादेशों का पूर्ण रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। मा0 सांसदों एवं विधायकगणों के स्वयं आने पर शिष्टाचार का पालन करते हुये उनके द्वारा प्रस्तुत पत्रों को अतिविशिष्ट संदर्भ मानते हुये सर्वोच्च प्राथमिकता पर निस्तारित किया जाये एवं उन्हें यथोचित उत्तर दिया जाये।

कृपया उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

सभी अधिकारियों को नोट करायें

ह0/-
( हिमांशु कुमार )
कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृष्ठॉकन पत्र संख्या व दिनॉक-उक्त।

प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- अनुसचिव, कर एवं निबंधन अनुभाग-3, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2- अपर निदेशक प्रशिक्षण संस्थान, वाणिज्य कर, लखनऊ।
3- एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1/2 (उच्च न्यायालय कार्य) वाणिज्य कर, इलाहाबाद/लखनऊ।
4- समस्त अनुभाग अधिकारी, वाणिज्य कर, मुख्यालय।
5- डिप्टी कमिश्नर (विशिष्ट अभिसूचना) उ0प्र0 शासन, एनेक्सी, लखनऊ।
6- डिप्टी कमिश्नर ( आई0 टी0 ) वाणिज्य कर, मुख्यालय को इस निर्देश के साथ कि विभागीय वैबसाइट में अविलम्ब लोड कराने का कष्ट करें।

गौड़
श्री ओमप्रकाश
JC(IT)
12/12/12
2313
12/12/12

( विनोद कुमार सिंह )
ज्वाइन्ट कमिश्नर (सेवावाद) वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।